आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : आठवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 20-07-2024 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोतर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, जिनका स्थायी मूल्य होता है। अधिकतर यही देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं । अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग या गरीब परिवारों में ही होता है। मनुष्य में विनय उदारता कष्ट-सहिष्णुता साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सादा-सरल बनाते हैं। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं- प्रथम कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को न छोड़ना, द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को भी कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है वह बाहरी चीज नहीं है।

(i) संसार में कौन लोग अमर हो पाते हैं ? (1)

(क) जिनकी कभी मृत्यु नहीं होती। (ख) जो गरीब परिवार में जन्म लेते हैं।
(ग) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii) चारित्रिक विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा गुण आवश्यक नहीं है ? (1)

(क) विनय (ख) कष्ट-सहिष्णुता
(ग) गरीब होना (घ) साहस

(iii) सादगी का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है ? (1)

(क) गरीबी से (ख) इच्छा से
(ग) विचारों से (घ) सादा वस्त्र पहनने से

(iv) जीवन में सादगी लाने के लिए कौन-सी दो बातें करणीय हैं ? (2)

(v) व्यक्ति की सच्ची पहचान किस बात से होती है और क्यों ? (2)

खंड - 'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) अक्षत, पृथ्वी (वर्ण-विच्छेद कीजिए)

(ii) उन्नति (दो पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(iii) स्वार्थ , सगुण (सही विलोम लिखिए)

(iv) परिभ्रमण, प्यासा (उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए)

(v) पिंजरे में बंद पंछी अपनी (उड़ना) भूल जाते हैं । (कोष्ठक में दी गई क्रिया को भाववाचक संज्ञा में बदलिए)

(vi) <u>आपसे</u> मिलकर बड़ी ख़ुशी हुई । (रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखिए )

(vii) मुदित महीपति मंदिर आये सेवक सचिव सुमंत बुलाए । (काव्य पंक्ति में अलंकार पहचानिए)

खंड - 'ग'

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

मैं बहुधा हर गरमी की छुट्टी में अपने मामा के यहाँ चला जाता और एक-आध महीने वहाँ रहकर स्कूल खुलने के समय तक वापस आ जाता। परंतु दो-तीन बार ही मैं अपने मामा के यहाँ गया होऊँगा तभी मेरे पिता की एक दूर के शहर में बदली हो गई और एक लंबी अवधि तक मैं अपने मामा के गाँव न जा सका। तब लगभग आठ-दस वर्षों के बाद जब मैं वहाँ गया तो इतना बड़ा हो चुका था कि लाख की गोलियों में मेरी रुचि नहीं रह गई थी। अतः गाँव में होते हुए भी कई दिनों तक मुझे बदलू का ध्यान न आया।

इस बीच मैंने देखा कि गाँव में लगभग सभी स्त्रियाँ काँच की चूड़ियाँ पहने हैं। विरले ही हाथों में मैंने लाख की चूड़ियाँ देखीं। तब एक दिन सहसा मुझे बदलू का ध्यान हो आया। बात यह हुई कि बरसात में मेरे मामा की छोटी लड़की आँगन में फिसलकर गिर पड़ी और उसके हाथ की काँच की चूड़ी टूटकर उसकी कलाई में घुस गई और उससे खून बहने लगा। मेरे मामा उस समय घर पर न थे। मुझे ही उसकी मरहम-पट्टी करनी पड़ी। तभी सहसा मुझे बदलू का ध्यान हो आया और मैंने सोचा कि उससे मिल आऊँ। अतः शाम को मैं घूमते-घूमते उसके घर चला गया। बदलू वहीं चबूतरे पर नीम के नीचे एक खाट पर लेटा था।

(i) लेखक लंबे अर्से तक मामा के यहाँ क्यों नहीं जा सका ?

(क) क्योंकि उसका अब मामा के गाँव में मन नहीं लगता था।

(ख) क्योंकि वह अब विदेश में रहने लगा था।

(ग) क्योंकि उसका मामा अब गाँव छोड़कर बाहर चला गया था।

(घ) क्योंकि लेखक के पिता का तबादला गाँव से दूर हो गया था।

(ii) बदलते समय में लेखक ने गाँव में क्या परिवर्तन देखा ?

(क) औरतों ने लाख की चूड़ियाँ पहनना बंद कर दिया था (ख) गाँव में काफी स्कूल खुल गए थे

(ग) बच्चों के हाथ में लाख की गोलियाँ थीं (घ) बदलू बदल गया था

(iii) लेखक को बदलू कहाँ मिला ?

(क) घर में (ख) खेत में

(ग) नीम के पेड़ के नीचे (घ) मामा के घर पर

(iv) आठ-दस वर्षों बाद लेखक की रुचि में क्या बदलाव आ गया था ?

(क) मामा के घर जाने में अरुचि (ख) बदलू में अरुचि

(ग) लाख की गोलियों में अरुचि (घ) इनमें से कोई नहीं

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x3=3)

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।
आए बन कर उल्लास अभी,
आँसू बन कर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

(i) 'दीवाने' किस प्रकार के व्यक्तियों को कहा गया -

(क) अवारा व्यक्तियों को (ख) मनमौजी व्यक्तियों को

(ग) सनकी व्यक्तियों को (घ) सुंदर व्यक्तियों को

(ii) धूल उड़ाकर चलने का अर्थ होगा ?

(क) तूफ़ान बनकर चलना (ख) हाथों से धूल उड़ाना

(ग) मुँह से धूल उड़ाना (घ) मस्ती में डूबकर चलना

(iii) दीवानों के जाने पर लोग दुखी क्यों होते है ?

(क) वो थोड़े समय में ही सबसे आत्मीयता बना लेते हैं। (ख) क्योंकि वो दूसरों को पीड़ा देते हैं

(ग) क्योंकि लोग उनसे दुखी थे (घ) लोग उनके स्वार्थ से दुखी थे

5. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) आधुनिक युग को 'मशीनी युग' क्यों कहा गया है ? पाठ में ऐसा क्यों कहा है कि 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।'- लेखक की बात का अभिप्राय सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ii) लेखक को बस में माँ द्वारा बच्चे को शीशी से दूध पिलाने की बात क्यों याद आ रही थी ?

(iii) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि बस कंपनी के हिस्सेदार के साहस और बलिदान की भावना का दुरुपयोग हो रहा था ?

(iv) "अब अपना और पराया क्या ? आबाद रहें रुकनेवाले !
हम स्वयं बँधे थे और स्वयं हम अपने बंधन तोड़ चले।"
उपरोक्त पंक्तियों का प्रतिपाद्य स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि किन बंधनों को तोड़ने की बात कर रहा है ?

## खंड - 'घ'

6. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए | (1x5=5)

(क) वृक्षारोपण का महत्व

संकेत बिंदु-

- वृक्षारोपण का अर्थ
- वृक्षारोपण क्यों
- हमारा दायित्व
- उपसंहार

(ख) 20-20 क्रिकेट

संकेत बिंदु-

- ➢ यह क्रिकेट क्या है ?
- ➢ इस क्रिकेट का रोमांच
- ➢ भारत की उपलब्धि
- ➢ निष्कर्ष

(ग) हमारी नदियाँ और हम

संकेत बिंदु-

- ➢ भारत की प्रसिद्ध नदियाँ और उनकी उपजाऊ क्षमता
- ➢ नदियों को माता कहा जाता है
- ➢ नदियों के तट पर मेले, उत्सव, मुंडन या मृत्यु के संस्कार
- ➢ उपसंहार

7. आपके क्षेत्र में जल-आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो रही है । जल-संस्थान के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए और उन्हें अपनी समस्याओं के विषय में बताकर, उनसे अनुरोध कीजिए कि वे तत्काल जल-आपूर्ति नियमित कराने की व्यवस्था करें। (लगभग 100 शब्दों में) (1x5=5)

अथवा

आपके विद्यालय में खेल की उपयुक्त सामग्री है तथा समय-समय पर सभी स्तरों पर मैच का आयोजन भी किया जाता है। विद्यालय के खेल कप्तान होने के नाते प्रधानाचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए।